एक नजर में

मिठाई खाकर 20 बीमार, 4 गंभीर

जबलपुर. शहर के प्रसिद्ध त्रिपुर सुंदरी मंदिर में आयोजित सुहागिलें कार्यक्रम के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब मिठाई खाने के बाद अचानक करीब 20 लोग बीमार हो गए. सूत्रों की माने तो चार लोगों की हालत गंभीर है. उन्हें बेहतर उपचार के लिए नागपुर रेफर किया गया है. मिठाई खाने के बाद सभी को उल्टियां और चक्कर आने लगे, जिससे कार्यक्रम स्थल पर अफरा- तफरी और भगदड़ की स्थिति बन गई. जानकारी के अनुसार सुहागिलें कार्यक्रम के लिए त्रिपुरी सुंदरी मंदिर में प्रसाद अर्पित करने के लिए लोगों ने भेड़ाघाट स्थित राजस्थान स्वीट्स से 4 किलो मिठाई मंगाई थी.

नहीं हो सका नीति चड्ढा का अंगदान

ग्वालियर. समाजसेवी नीति चड्ढा की अचानक हुई मौत के बाद उनकी इच्छा के अनुसार सिर्फ इस कारण उनके अंगदान नहीं कराये जा सके क्योंकि ग्वालियर में अंगदान की प्रक्रिया को पूर्ण करने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को जब इससे अवगत कराया गया तो उन्होंने भी इस बात पर आश्चर्य प्रकट किया है कि ग्वालियर जैसे महानगर के मेडिकल कॉलेज में अंगदान की व्यवस्था नहीं है. ग्वालियर के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राज चड्ढा की पत्नी श्रीमती नीति चड्ढा का आकस्मिक निधन हो गया, चूंकि निति चड्ढा की अंतिम इच्छा थी कि मृत्यु उपरांत उनके अंगों को दान कर दिया जाए जिससे मृत्यु उपरांत भी अनेक लोगों का जीवन बचाया जा सके.

मनीष सिंह की जनसंपर्क आयुक्त के रूप में वापसी

दीपक सक्सेना को मिली आबकारी आयुक्त की जिम्मेदारी



भोपाल, 14 फरवरी. मध्यप्रदेश सरकार ने विधानसभा के बजट सत्र के ठीक पहले मध्य रात्रि में भारतीय प्रशासनिक सेवा - आईएएस- के 11 अधिकारियों की नवीन पदस्थापना संबंधी आदेश जारी करते हुए जनसंपर्क आयुक्त के रूप में एक बार फिर से मनीष सिंह को पदस्थ किया. निवर्तमान जनसंपर्क आयुक्त दीपक सक्सेना को आबकारी आयुक्त के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गयी है.

वर्ष 2009 बैच के अधिकारी मनीष सिंह दूसरी बार जनसंपर्क आयुक्त की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं. इसके पहले वे मई 2023 में जनसंपर्क आयुक्त बने थे और लगभग नौ माह तक बेहतर ढंग से कार्य कर अपनी एक अलग ही छाप छोड़ी. श्री सिंह ने शनिवार को जनसंपर्क संचालनालय पहुंचकर श्री सक्सेना से कार्यभार ग्रहण किया. इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से सौजन्य भेंट की. श्री सिंह के पास परिवहन विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा. इसके अलावा अपर मुख्य सचिव वन विभाग तथा कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है. इस विभाग में अब तक प्रमुख सचिव रहे संदीप यादव को प्रमुख सचिव वन विभाग में पदस्थ कर विभाग की कमान दी गयी है.

किसान कल्याण तथा कृषि विकास के संचालक अजय गुप्ता को जबलपुर में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का प्रबंध संचालक बनाया गया है. राज्य के आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल को मार्कफेड के प्रबंध संचालक की जिम्मेदारी दी गयी है. अब तक जनसंपर्क आयुक्त रहे दीपक सक्सेना को आबकारी आयुक्त ग्वालियर पदस्थ किया गया है. श्री सक्सेना को काफी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गयी है और यह विभाग राज्य के राजस्व संग्रहण का प्रमुख माध्यम है. राज्यपाल के अपर सचिव उमाशंकर भार्गव को किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग में संचालक बनाया गया है. वे लगभग आठ माह तक राजभवन में रहे. इसके अलावा चार अधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी गई है, जो जिला पंचायत के सीईओ स्तर के हैं. यह आदेश शुक्रवार और शनिवार की मध्य रात्रि में लगभग दो बजे जारी किए गए.

अधिकारियों की पदस्थापना संबंधी जानकारी इस प्रकार है.....

क्र.	अधिकारी का नाम, बैच तथा वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना
1	2	3
1	अशोक वर्णवाल (1991) अपर मुख्य सचिव, वन विभाग तथा कृषि उत्पादन आयुक्त और अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण विभाग एवं पर्यावरण आयुक्त तथा महानिदेशक, एप्को (अतिरिक्त प्रभार)	(1) अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा (2) अपर मुख्य सचिव, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग तथा कृषि उत्पादन आयुक्त, मध्यप्रदेश तथा अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण विभाग तथा पर्यावरण आयुक्त तथा महानिदेशक, एप्को तथा आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश भोपाल (अतिरिक्त प्रभार)
2	संदीप यादव (2000), प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं प्रमुख सचिव, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग तथा प्रमुख सचिव, प्रवासी भारतीय विभाग तथा आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश भोपाल (अतिरिक्त प्रभार)	(1) प्रमुख सचिव, वन विभाग तथा (2) प्रमुख सचिव, प्रवासी भारतीय विभाग (अतिरिक्त प्रभार)
3	अजय गुप्ता (2009), संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, मध्यप्रदेश, भोपाल	प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत् वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर
4	मनीष सिंह (2009), सचिव, जेल विभाग तथा सचिव, परिवहन विभाग तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, भोपाल तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इंटर स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी, भोपाल तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एवं अधोसंरचना लिमिटेड (अतिरिक्त प्रभार)	(1) आयुक्त, जनसंपर्क मध्यप्रदेश, भोपाल तथा (2) सचिव, परिवहन विभाग तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, भोपाल तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इंटर स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी, भोपाल तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एवं अधोसंरचना लिमिटेड तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश माध्यम (अतिरिक्त प्रभार)
5	अभिजीत अग्रवाल (2010), आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश, ग्वालियर	प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, भोपाल
6	दीपक कुमार सक्सेना (2010), आयुक्त, जनसंपर्क मध्यप्रदेश, भोपाल तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश माध्यम (अतिरिक्त प्रभार)	आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश, ग्वालियर
7	उमाशंकर भार्गव (2011), राज्यपाल के अपर सचिव, राजभवन, भोपाल	संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, मध्यप्रदेश, भोपाल
8	सुनील दुबे (2016), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, भिंड	राज्यपाल के उप सचिव, राजभवन, भोपाल
9	श्रीमती संघमित्रा गौतम (2016) उप सचिव, उच्च शिक्षा विभाग	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, आलीराजपुर
10	श्रीमती नंदा भलावे कुशरे (2019) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, आगर मालवा	अपर परियोजना संचालक, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, भोपाल
11	कमल सोलंकी (2019), उप सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, रायसेन

शिवशेखर शुक्ला, भाप्रसे (1994), अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग तथा अपर मुख्य सचिव, संस्कृति विभाग तथा आयुक्त-सह-संचालक, स्वराज संस्थान एवं न्यासी सचिव, भारत भवन तथा अपर मुख्य सचिव, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग सचिव, -अतिरिक्त प्रभार) को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक अपर मुख्य सचिव, जेल विभाग का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

मंत्रालय के गलियारे से

कन्हैया लोधी

पांचवीं मंजिल में लगातार बढ़ रहा अफसर का रुतबा

मंत्रालय की पांचवीं मंजिल में एक अधिकारी का रूतबा लगातार बढ़ रहा है. रूतबा ऐसा कि मिलने वालों का लगभग तांता ही बना रहता है. किसी और अधिकारी के चेंबर में उतने आगंतुक नहीं पहुंचते, जितना की अकेले इस अफसर के कक्ष में, हाल में ही उनकी जिम्मेदारी में इजाफा किया गया है, उन्हें सचिव होने के बाद भी एक बड़े महकमे की जिम्मेदारी दी गई है. अब देखना ये है कि ये रूतबा कब तक बरकरार रहता है.

.... और ये समोसा पार्टी

मंत्रालय में एक महकमा ऐसा भी है जो मौका मिलने पर जश्न मनाने में पीछे नहीं रहता. पिछले दिनों इस महकमे ने विधानसभा से जुड़े सवालों के जवाब समय पर देने की बड़ी जिम्मेदारी पूरी की, बस फिर क्या था कि विभाग में मातहतों को बेहतर कार्य के लिए समोसा पार्टी का इनाम मिल गया. चूंकि काम दोपहर में ही पूरा हो गया तो समोसा से ही काम चलाया गया, लेकिन यदि देर शाम तक काम पूरा होता तो बाकायदा डिनर का भी इंतजाम होता. बहरहाल विभाग के अफसरों का ये नवाचार दूसरों के लिए प्रेरणादायी तो है ही.

प्रभारी मंत्री की नाराजगी

पिछले दिनों एक जिले के प्रभारी मंत्री की नाराजगी चर्चा का विषय बन गई. दरअसल लोगों ने नोटिस किया कि मंत्रीजी जिले में तब ही ज्यादा दर्शन देते हैं, जब एक केंद्रीय मंत्री का मूवमेंट होता है, बाकी समय वे नदारत रहते हैं. जैसे ही किसी ने उनका ध्यान इस ओर आकर्षित किया, तो मंत्री जी नाराज हो गए. उन्होंने सामने वाले को खरी-खोटी सुना दी. इतना ही नहीं उन्होंने ये भी बता दिया कि उनका पॉवर क्या है.

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से दूरी

प्रदेश के एक कद्दावर नेता ने कुछ अनूठा किया है. उन्होंने ऐसा मंदिर बनवाया है, जो कि देश में सबसे अलग है. इस मंदिर को पहले ही काफी लोकप्रियता मिल गई है. इस मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह अभी चल रहा है, जिसमें साधु-संतों की तो सहभागिता है, लेकिन अब तक कोई बड़ा राजनीतिक चेहरा नजर नहीं आया है. वैसे नेताजी ने आमंत्रण देने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी, उगते सूरज वाले कोई ऐसा चौखट नहीं, जहां उन्होंने दस्तक नहीं दी, लेकिन अब तक नतीजा सिफर है. राहत की बात केवल इतना है कि आयोजन अभी एक सप्ताह और चलने वाला है. अब हो सकता है कि आने वाले दिनों में राजनीति के चमकते सितारे पधारें.

4 दिन से लापता युवक का कुएं में मिला शव

चुरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़खरा की घटना

नवभारत न्यूज

सीधी, 14 फरवरी. जिले के थाना क्षेत्र चुरहट अंतर्गत ग्राम पंचायत बडखरा (734) में शनिवार सुबह सनसनी फैल गई जब सुबह करीब 9. 00 बजे गांव के एक कुएं में युवक का शव मिला। मृतक की पहचान इंद्रपाल पटेल पिता जगन्नाथ पटेल के रूप में हुई हैए जो पिछले चार दिनों से लापता थे।

परिजनों के अनुसार इंद्रपाल पटेल 11 फरवरी 2026 की शाम करीब 7 बजे घर से निकले थेए जिसके बाद वे वापस नहीं लौटे। उनकी गुमशुदगी की सूचना थाने में दर्ज कराई गई थी जिसके बाद पुलिस और परिजन लगातार उनकी तलाश कर रहे थे। शनिवार सुबह ग्रामीणों द्वारा कुएं में शव देखे जाने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गयाए जहां आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही रवि प्रकाश कौल एसडीओपी चुरहट भी तत्काल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस टीम को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। वहीं इस संबंध में चुरहट पुलिस से मिली जानकारी अनुसार प्रथम दृष्टि में शव पर किसी प्रकार की बाहरी चोट के स्पष्ट निशान दिखाई नहीं दिए हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। फिलहाल चुरहट पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और स्तब्धता का माहौल बना हुआ है।

बोलेरो वाहन से 10 पेटी देशी-विदेशी शराब जब्त

बरका चौराहा पर ग्रामीणों ने घेराबंदी कर पुलिस को किया सुपुर्द

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 14 फरवरी। बरका तिराहा पर बीती रात एक बोलेरो वाहन को ग्रामीणों ने शक के आधार पर घेराबंदी करते हुये जांच परख किया, जहां भारी मात्रा में देशी-विदेशी अवैध शराब दिखी।

बरका पुलिस चौकी प्रभारी को सूचना दिया। जहां पुलिस ने बोलेरो वाहन से 10 पेटी देशी-विदेशी कीमत करीब 45 हजार रूपये की शराब जप्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया। एसडीओपी देवसर गायत्री तिवारी ने बताया है कि सूचना के आधार पर बरका पुलिस ने तिराहा पर एक बिना नम्बर के बोलेरो वाहन से 10 पेटी देशी-विदेशी शराब जप्त कर वाहन चालक मनोज राय के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 34 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुये गिरफ्तार कर लिया है। वहीं चालक के पूछतांछ के दौरान बताया गया कि पॉच लोग जबरन उक्त गाड़ी को कब्जे में लेकर जंगल-जंगल में घुमाते हुये ले गये और शराब लोड कर परिवहन करा रहे थे। एसडीओपी के अनुसार वाहन में सवार उक्त व्यक्तियों पर यह भी चालक ने आरोप लगाया है कि मारपीट एवं लूटपाट भी की गई है। बरका पुलिस चौकी प्रभारी नृपेन्द्र सिंह ने हरिश्चन्द्र वगैरह समेत पॉच के विरूद्ध बीएनएस की धारा 140 , 119, 127, 296, 117, 351 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या

1 आरोपी गिरफ्तार, दूसरे ने पिया कीटनाशक

जबलपुर. पनागर थाना अंतर्गत ग्राम मुडिया बाईपास में हत्या के बाद सूखी नहर में फेंकी गई महिला की लाश की गुत्थी सुलझा ली गई है. दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या की गई.

महिला के प्रेमी ने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था. एक आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि दूसरे ने कीटनाशक पी लिया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्तीकराया गया है. विदित हो कि पनागर थाना अंतर्गत ग्राम मुडिया बाईपास में हत्या के बाद सूखी नहर में महिला की लाश फेंक दी थी. मृतिका सुलोचना धुर्वे पति श्याम धुर्वे निवासी हाड़ापानी कुण्डम की 10 जनवरी को पनागर बाजार जाने के घर से निकली थी लेकिन वापिस नहीं लौटी थी.

1.22 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

बैतूल. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बारहवीं ग्राम में 7 सामुदायिक भवन और एक ब्रिज निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया. इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, मंडल अध्यक्ष सुनील पवार सहित कई अन्य पार्टी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे.

विद्यालय के अंदर टेबल पर बैठा शिक्षक

नशे की हालत में आया नजर शिक्षक

नवभारत न्यूज

चितरंगी 14 फरवरी। सोशल मीडिया में एक वीडियों वायरल हो रहा है, जिसमें शिक्षक शराब के नशे में धुत्त होकर बच्चे के टेबल पर बैठ कर एक शिक्षिका से बात कर रहा है। जिसमें बर्तनों के खरीदी में हेरफेर का मामला सामने आ रहा है। शिक्षिका का कहना है कि बच्चों के राशि को हम नही खा सकते। हालांकि वायरल वीडियों की पुष्टि नवभारत नही करता है।

दरअसल वायरल वीडियों कन्या उमा विद्यालय संकुल चितरंगी के प्राथमिक पाठशाला बेलौंही का बताया जा रहा है और यह भी दावा किया जा रहा है कि यह वीडियों आज दिन शनिवार की दोपहर 1:03 मिनट का है। वीडियों में शिक्षक शराब के नशे में नजर आ रहा है और शिक्षिका से लेन-देन के बारे में चर्चा कर रहा है। जहां शिक्षिका ने साफ शब्दों में कह दिया है कि पहले भी बर्तन खरीदी के नाम पर 28 हजार रूपये पहले भी आहरित कर ली गई है और अभी फिर से 7 हजार रूपये आहरित कर लिया गया है। जबकि विद्यालय में एक भी कढ़ाई तक भी नही है। शिक्षिक की आवाज साफ शब्दों में सुनाई दे रही है और वहीं शिक्षक बड़े आराम से टेबल पर बैठ बातें भी कर रहा है। अब मामला कफी तूल पकड़ा हुआ है। साथ ही एक ओर जहां बर्तन खरीदी में घपलेबाजी की शिकायतें मिल रही हैं, वहीं शिक्षक के शराब नशे में धुत्त होने पर विद्यालय के पठन-पाठन पर भी बहस छिड़ गई है. और नौनिहाल बच्चों के भविष्य को लेकर उनके अभिभावक बेहद चिंतित नजर आ रहे हैं।

बघेड़ी में शौचालय का गंदा सच

नवभारत न्यूज

चाकघाट, 14 फरवरी. एक तरफ भारत सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा का दम भर रही है और करोड़ों शौचालयों के निर्माण का दावा किया जा रहा है.

बघेड़ी(चाकघाट) की जमीनी हकीकत इन दावों पर पानी फेरती नज़र आ रही है। बघेड़ी में बने सामुदायिक शौचालय देखरेख के अभाव में खंडहर में तब्दील हो चुके हैं, जिससे ग्रामीण और राहगीर संक्रमण के साये में जीने को मजबूर हैं। बिना पानी एवं बिजली के शौचालय की स्थिति बदहाल है। बघेड़ी चौराहे में बने इस शौचालय में न तो नियमित सफाई होती है और न ही पानी की कोई उचित व्यवस्था है तथा शौचालय के दरवाज़े टूटे हैं, सीट क्षतिग्रस्त हैं और अंदर गंदगी का अंबार लगा है।

इस शौचालय की बदहाली के कारण सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को होती है। गंदगी और रखरखाव की कमी के कारण यह शौचालय अब बीमारियां फैलाने का केंद्र बन गया हैं।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस शौचालय की नियमित सफाई, मरम्मत व निगरानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है तथा वे चाहते हैं कि कागजों में चलने वाले स्वच्छता अभियान को धरातल पर उतारा जाए ताकि उन्हें स्वच्छ व सुरक्षित शौचालय सुविधा मिल सके।

न्यायालय का नाम-श्रीमान विशेष न्यायाधीश महोदय NDPS एक्ट न्यायालय सतना, जिला सतना (म.प्र.)

प्रारूप संख्या 05

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा-84 बी.एन.एस.)

मेरे सक्षम परिवाद किया गया है कि अभियुक्त ऋषभ पाण्डेय S/O इन्द्रपाल मालिक पाण्डेय उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम धनवरिया थाना सेमरिया जिला रीवा (म.प्र.) NDPS एक्ट की धारा 8/21 NDPS एक्ट एवं 5/13 ड्रग अधीन अपराध किया गया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिखकर लौटा दिया कि उपरोक्त आरोपी नहीं मिल रहा है और मुझे समाधान रूप से यह दर्शित कर दिया गया है कि घटना दिनांक से फरार हो गया है. (या उक्त वारण्ट की तामीली से बचने के लिये अपने आप को छिपा रहा है)

इस न्यायालय द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त ऋषभ पाण्डेय से अपेक्षा की जाती है कि यह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में दिनांक 06.03.26 को हाजिर हो.

(शशिकांत वर्मा)

विशेष न्यायाधीश NDPS एक्ट

सतना (म.प्र.)

पशुधन का अवैध परिवहन विफल, 53 भैंस के साथ ट्रक जब्त

पुलिस कार्रवाई में 25 लाख से अधिक कीमती संपत्ति जब्त

नवभारत न्यूज

सीधी, 14 फरवरी. पुलिस ने पशुधन का अवैध परिवहन विफल करते हुए 53 भैंस के साथ ट्रक जप्त किया है। पुलिस कार्रवाई में 25 लाख से अधिक कीमती संपत्ति जप्त की गई।

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के सख्त निर्देशनए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं प्रभारी एसडीओपी कुसमी रवि प्रकाश कोल के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी मझौली उनि विशाल शर्मा के नेतृत्व में थाना मझौली पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध एवं क्रूरता पूर्वक किए जा रहे पशु परिवहन का भंडाफेड़ किया गया। पुलिस के अनुसार दिनांक 13 फरवरी 2026 को रात्रि गश्त के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक क्रमांक यूपी 63 एटी 4643 तेज गति से छवारी तरफ से ब्यौहारी की ओर जा रहा हैए जिसमें भैंस लोड हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ग्राम चुवाही पहुंची। उसी समय एक स्कार्पियो वाहन क्रमांक एमपी 53 सीए 6375 संदिग्ध रूप से तेज गति से निकलता दिखाई दिया। संदेह होने पर पीछा किया गया तो पाया गया कि उक्त स्कार्पियो वाहन ट्रक के आगे.पीछे चलकर रैकी कर रहा था एवं पुलिस वाहन को साइड देने में बाधा उत्पन्न कर रहा था । चमराडोल बैरियर के पास स्टॉपर लगाकर ट्रक को रोककर जांच की गई। जांच में ट्रक के अंदर छोटे.बड़े कुल 53 नग भैंस एवं पड़वा अत्यंत संकीर्ण स्थान में पैरों को बांधकर एवं रस्सियों से कसकर क्रूरता पूर्वक भरे हुए पाए गए। पुलिस द्वारा तत्काल सभी पशुओं को मुक्त कराया गया तथा विधिवत गिनती की गई। ट्रक की तलाशी के दौरान चालक सीट के पास मिले व्यक्ति ने अपना नाम अब्दुल नाइन खान पिता अब्दुल सलीमए उम्र 28 वर्षए निवासी गोड़ाही थाना बहरी बताया। वैध दस्तावेज मांगने पर वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूंछताछ में उसने स्वीकार किया कि मोण् अजीम पिता मोण् कलाम निवासी कोदौरा थाना अमिलिया स्कार्पियो वाहन से ट्रक की रैकी कर रहा था तथा अवैध परिवहन में संलिप्त है। पुलिस ने मौके पर उपस्थित साक्षियों के समक्ष 53 नग भैंस कीमत लगभग 15 लाख रुपयेए ट्रक क्रमांक यूपी 63 एटी 4643 कीमत लगभग 10 लाख रुपयेए कुल मिलाकर लगभग 25 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति विधिवत जप्त की गई।

उक्त कृत्य पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11;1द्ध;चद्ध तथा मध्यप्रदेश कृषक पशु परिरक्षक अधिनियम 1959 की धारा 6ए 6;कद्ध एवं 7 के तहत दण्डनीय पाए जाने से आरोपीगणों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। सीधी पुलिस द्वारा अवैध पशु परिवहन एवं पशुओं के प्रति क्रूरता करने वालों के विरुद्ध आगे भी कठोर एवं निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

शुक्ल ने दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएँ

भोपाल. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने समस्त प्रदेशवासियों को पावन पर्व महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी है. उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि का यह पवित्र पर्व भगवान शिव की आराधना, तप, संयम और आध्यात्मिक जागरण का प्रतीक है. यह उत्सव हमें सत्य, करुणा और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बाबा महाकाल से सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की है. उन्होंने कामना की है कि यह पावन पर्व प्रदेश में खुशहाली, उन्नति और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आए.

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स

कार्यालय प्राचार्य-छत्रसाल शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना (म.प्र.)

(नैक द्वारा ग्रेड-B++ प्रदत्त)

Off.07732-252020E-mail:hegcpgcpan@mp.gov.in

website: https://highereduction.mp.gov.in/?orgid=305

क्रमांक 509/स्था./पुस्तकालय/2026 पन्ना, दिनांक 14/02/26

पुस्तकें क्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना 2025-2026

शासन मद एवं महाविद्यालय के विभिन्न मदों से आवश्यकतानुसार ग्रंथालय पुस्तकें क्रय हेतु पुस्तकालय विभाग प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में पंजीकृत प्रतिष्ठानों/फर्मों से निर्धारित शर्तों के अधीन निविदा आमंत्रित की जाती है. निविदाकार महाविद्यालय द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्र को भरकर प्राचार्य छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के नाम मुहरबंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक एवं महाविद्यालय में स्वयं उपस्थित होकर दिनांक 28.02.2026 को सायं 05.00 बजे तक महाविद्यालय में अनिवार्यत: प्राप्त हो जानी चाहिए. निविदा प्रपत्र में किसी भी तरह का परिवर्तन स्वीकार नहीं होगा. उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा. निविदा के संबंध में प्राचार्य का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा. निविदा हेतु निविदा प्रपत्र, नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी महाविद्यालय में कार्यालयीन समय तथा महाविद्यालय की बेबसाईट https://highereducation.mp.gov.in/?orgid=305 से प्राप्त की जा सकती है. एफओआर शासकीय महाविद्यालय पन्ना तथा संबंधित महाविद्यालय देय होगा.

विपिन कुमार ग्रंथपाल (अति.विद्वान) | पुस्तकालय प्रभारी | डा. एस.डी.चतुर्वेदी प्राचार्य